मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड़, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का
लोकप्रिय हिंदी दैनिक
# उल्हास विकास
वर्ष : 45 | अंक : 168 | सोमवार 22 सितंबर 2025 | 3 रुपए | पृष्ठ 4
@ulhasvikas ulhasvikas@gmail.com
संपादक – हीरो अशोक बोधा BMM, L.L.B., M.A.
Mobile.:- 9822045566
epaper.ulhasvikas.com



पृष्ठ.. 4 पर पढ़ें..
दादासाहेब फाल्के अवॉर्ड मिलेगा मोहनलाल को

# राज्य में मानसूनी बीमारियों का कहर

- इस साल अब तक राज्य में 32 लोगों की मौत
- मलेरिया के 15,000 से ज़्यादा मामले



**उल्हासनगर.** राज्य में मानसूनी बीमारियाँ कहर बरपा रही हैं और स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, इस साल अब तक राज्य में 32 लोगों की मौत हो चुकी है। राज्य में मलेरिया के 15,000 से ज़्यादा मामले सामने आ चुके हैं। मलेरिया ने 12 लोगों की जान ले ली है। वहीं दूसरी ओर, डेंगू, स्वाइन फ्लू, लेप्टो और अन्य बीमारियाँ एक साथ दोहरा हमला कर रही हैं।

राज्य में मलेरिया के कुल 15,245 मामले सामने आए हैं। अब तक 7,346 लोग डेंगू से प्रभावित हो चुके हैं। इसी तरह, 718 लोग स्वाइन फ्लू से संक्रमित हुए हैं। इनमें से तीन लोगों की जान चली गई। चिकनगुनिया के 2,234 मरीज, लेप्टोस्पायरोसिस के 564 मरीज, डायरिया, टाइफाइड, गैस्ट्रो, पीलिया, स्क्रब टाइफस और जापानी बुखार के मरीज पाए गए हैं।

### इन जिलों में मरीजों की मौत

स्वास्थ्य विभाग द्वारा उपलब्ध कराए गए आंकड़ों के अनुसार, अकोला में हैजा से 1, पालघर में गैस्ट्रो से 2, अहिल्यानगर और कोल्हापुर में पीलिया से 3 और चंद्रपुर में स्क्रब टाइफस से 1 मरीज की मौत हुई है। इस प्रकार, राज्य में अब तक कुल 32 मौतें हो चुकी हैं।

### मुंबई में मरीजों की संख्या में वृद्धि

मुंबई में महामारी की स्थिति चरम पर पहुँच गई है। आंकड़ों के अनुसार, शहर में मलेरिया के 6,004, डेंगू के 2,425, स्वाइन फ्लू के 253, चिकनगुनिया के 356 और लेप्टोस्पायरोसिस के 500 मरीज पाए गए हैं। हजारों मरीजों की संख्या के साथ, अस्पतालों और क्लीनिकों पर दबाव भी बढ़ गया है।

| बीमारी | मरीज | मौतें |
|---|---|---|
| मलेरिया | 15,245 | 12 |
| डेंगू | 7,346 | 0 |
| स्वाइन फ्लू | 718 | 3 |
| चिकनगुनिया | 2,234 | 0 |
| लेप्टोस्पायरोसिस | 564 | 0 |
| हैजा | 25 | 1 |
| गैस्ट्रो | 52 | 2 |
| दस्त | 762 | 0 |
| पीलिया | 670 | 3 |
| डेंगू बुखार | 22 | 0 |
| स्क्रब टाइफस | 36 | 1 |
| जापानी बुखार | 3 | 1 |

# अंबरनाथ में भयानक हादसा

- टेम्पो पलटी, 4 घायल
- टेम्पो ने लाइट बॉक्स केबल, दो बाइक, पानी पाइप लाइन आदि को नुकसान पहुंचाया

उल्हास विकास संवाददाता



**अंबरनाथ.** अंबरनाथ पूर्व में एक भयानक दुर्घटना घटी है. एक तेज रफ्तार टेम्पो चालक ने पहले तो महावितरण के एक पोल पर लगे लाइट के बाक्स को टक्कर मार कर तोड़ दिया. बाक्स और केबल वायर टूट गए. राधे गोविंद नगर में निवासियों की दो बाइक को नुकसान पहुंचाया. सोसायटी के पानी की पाइप लाइन तोड़ दी. एक टपरी को टक्कर मार कर नुकसान पहुंचाया है. कोई जनहानि नहीं हुई है, लेकिन टेम्पो चालक घायल हो गया है. उसका उपचार चल रहा है. शिकायत महावितरण के एक अधिकारी ने शिवाजी नगर पुलिस में पंजीकृत कराया है. टेम्पो का भी भारी नुकसान हुआ है. खबर के अनुसार ये घटना 20 सितंबर की रात 9 बजे की है. चालक अपनी टेम्पो क्र. एमएच 04 केयू 6199 लेकर पटेल लो प्राइज के सामने गैस गोडाउन के पास से तेज रफ्तारी से ले जा रहा था कि टेम्पो पर वह काबू नहीं कर सका. पहले तो उसने महावितरण के पोल पर लगे लाइट बाक्स को टक्कर मारकर तोड़ दिया. लाइट के केबल टूटकर गिर गए. फिर एक टपरी को टक्कर मारकर नुकसान किया. निवासियों के दो बाइक को नुकसान पहुंचाया. एक सोसायटी का पानी पाइप लाइन तोड़कर टेम्पो पलटी हो गया. जिसके कारण यहां पर अफरातफरी मच गई. लाइट गुल हो गई. पुलिस उप निरीक्षक बारावकर मामले की जांच कर रहे हैं.

# एक भिखारी ने दूसरी की हत्या की

**कल्याण.** रात को खाने को लेकर विवाद हुआ. सुबह एक ने दूसरे युवक के चेहरे पर पत्थर मार उसकी हत्या कर दी. पोलीस ने एक घंटे के भीतर हत्यारे को गिरफ्तार कर लिया है। हत्यारे का नाम छोटू कुमार वाल्मीक है जो झांसी का रहने वाला है. लेकिन मरने वाले की पहचान अब तक नही हो पायी है.

कल्याण के महात्मा फुले पुलिस के अनुसार कल्याण के ओक बाग मे एक व्यक्ती ने सडक के किनारे फुटपाथ पर सो रहे दुसरे व्यक्ती की पत्थर से मार कर हत्या कर दी है, ऐसी सूचना मिलने के बाद पुलिस तुरंत मोके पर पहुची. घटनास्थळ पर लगे सीसीटीव्ही कॅमेरा चेक किये गये. हत्यारे की पहचान हुई .पुलिस ने हत्यारे को एक घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया. लेकिन मृतक कौन है कहां का रहने वाला है इस बारे मे कोई सूचना पुलिस को नही मिल पायी है.

# भिवंडी से 3 युवकों को UP ATS किया गिरफ्तार

- फिलिस्तीन पैसे भेजने का आरोप



**भिवंडी.** उत्तर प्रदेश पुलिस के एंटी टेररिस्ट स्क्वाड (UP ATS) ने मुंबई से सटे ठाणे के भिवंडी से तीन युवकों को गिरफ्तार किया है. इन पर करीब 3 लाख रुपये की रकम इकट्ठा कर फिलिस्तीन भेजने का आरोप है. इन तीनों पर संदिग्ध गतिविधियों में शामिल होने का संदेह है. जांच एजेंसियां तीनों संदिग्धों से गहन पूछताछ कर रही हैं.

अधिकारियों ने बताया कि यूपी एसटीए ने शनिवार देर रात भिवंडी के विभिन्न इलाकों में छापेमारी कर तीन युवकों को गिरफ्तार किया. इनके नाम मोहम्मद अयान मोहम्मद हुसैन (22 वर्ष) अबू सुफियान तजम्मुल अंसारी (22 वर्ष) और जैद नोटियार अब्दुल कादिर (22 वर्ष) हैं.

अधिकारियों के मुताबिक, जांच के दौरान पता चला था कि भिवंडी से लाखों रुपये की रकम फिलिस्तीन भेजी जा रही थी. इसके बाद शुक्रवार को भिवंडी पहुंची यूपी एटीएस की एक टीम ने जांच शुरू की. दिन भर इन युवकों पर नजर रखते हुए, टीम ने शनिवार दोपहर भिवंडी शहर के गुलजार नगर इलाके में एक इमारत पर अचानक छापा मारा. इस दौरान टीम ने अबू सुफियान तजम्मुल अंसारी को उसके घर से हिरासत में लिया. पूछताछ उसने अपने दो अन्य साथियों मोहम्मद अयान मोहम्मद हुसैन और जैद नोटियार अब्दुल कादिर के नाम बताए. इसके बाद एटीएस टीम ने शांतिनगर और निजामपुरा पुलिस की मदद से दोनों को हिरासत में लिया और थाने ले आई. उन पर धन उगाही और विदेश में टेरर फंडिंग का आरोप लगाते हुए मामला दर्ज किया गया.

वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक विनायक गायकवाड़ ने बताया कि उत्तर प्रदेश एटीएस ने शनिवार देर रात इन तीनों युवकों को गिरफ्तार कर आगे की जांच के लिए लखनऊ स्थित एटीएस कार्यालय ले गई.

गौरतलब है कि पिछले हफ्ते दिल्ली पुलिस ने अंबरनाथ तालुका के नेवाली नाका इलाके से एक संदिग्ध आतंकवादी आफताब कुरैशी को गिरफ्तार किया था. तब भी स्थानीय हिल लाइन पुलिस ने आफताब के घर की तलाशी ली थी. उसे गिरफ्तार कर आगे की जांच के लिए दिल्ली ले जाया गया. अब, इसके बाद, भिवंडी के इन तीनों युवकों पर संदिग्ध राष्ट्र-विरोधी गतिविधियों में शामिल होने का संदेह है. जांच एजेंसियां उनसे गहन पूछताछ कर रही हैं.

# 17 वर्षीय किशोरी की घर के अंदर ही बेरहमी से हत्या

**नवी मुंबई.** तलोजा शहर से एक दिल दहला देने वाली वारदात सामने आई है। यहां 17 वर्षीय किशोरी की घर के अंदर ही बेरहमी से हत्या कर दी गई। पुलिस के अनुसार यह घटना शुक्रवार को तलोजा फेज-2 के आसावरी सोसायटी में हुई।

पीड़िता अपने माता-पिता के साथ उसी सोसायटी में रहती थी। जानकारी के मुताबिक, 19 सितंबर को सुबह साढ़े नौ से शाम पांच बजे के बीच पीड़िता के माता-पिता काम पर गए थे. इसी दौरान आरोपी ने लड़की के सिर, चेहरे, आंख और आंखों के आसपास भारी वस्तु से हमला किया और उसके गले पर धारदार हथियार से गंभीर चोट पहुंचाई।

# उल्हासनगर के डॉल्फिन रोड पर राहत

- पार्क किए गए वाहनों पर 70 हजार का जुर्माना



**उल्हासनगर.** सहायक आयुक्त अजय साबले ने बताया कि मनपा अतिक्रमण विभाग और यातायात पुलिस ने शुक्रवार को शांतिनगर से डॉल्फिन रोड पर कैंप क्रमांक 3 में अवैध रूप से पार्क किए गए वाहनों के खिलाफ संयुक्त कार्रवाई की और 70 हजार का जुर्माना वसूला। डॉल्फिन रोड की तरह अन्य सड़कों पर भी अवैध रूप से पार्क किए गए वाहनों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की जा रही है।

उल्हासनगर में देखा जा रहा है कि फेरीवाले वाले और दुकानदार सड़कों के फुटपाथ पर अवैध रूप से पार्किंग कर रहे हैं, जबकि ट्रक, टेम्पो और कारें मुख्य सड़क के किनारे अवैध रूप से पार्क की जाती हैं। इससे सड़क पर यातायात जाम की समस्या उत्पन्न हो गई है। जब यातायात पुलिस ऐसे वाहनों के खिलाफ कार्रवाई करती है, तो राजनीतिक हस्तक्षेप होता है और यातायात पुलिस के टोइंग वाहन को बार-बार रोका जाता है। यह आरोप शिंदे सेना महानगर प्रमुख राजेंद्र चौधरी ने लगाया। चौधरी का कहना है कि व्यापारी कार्रवाई के विरोध में सड़क पर उतर रहे हैं। चौधरी का कहना है कि राजनेताओं और व्यापारियों के हस्तक्षेप से शहर की सूरत बिगड़ रही है।

शहर के विकास कार्यों और समस्याओं को लेकर शुक्रवार को विधायक कुमार आयलानी के संपर्क कार्यालय में भाजपा और शिंदे सेना के पदाधिकारियों की बैठक हुई। बैठक में चौधरी ने सड़क पर अतिक्रमण और यातायात जाम का मुद्दा उठाया और राजनीतिक हस्तक्षेप से बचने और यातायात जाम की समस्या का समाधान करने की अपील चौधरी ने की। चौधरी की मांग पर, मनपा अतिक्रमण विभाग और यातायात पुलिस विभाग ने शुक्रवार को शांतिनगर से डॉल्फिन रोड पर अवैध रूप से पार्क किए गए एक वाहन के खिलाफ संयुक्त कार्रवाई की और 70 हजार रुपये का जुर्माना वसूला। इस कार्रवाई से सड़क को राहत मिली है और शहर की अन्य सड़कों पर अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई कब होगी? यह सवाल उठ रहा है।

# नवरात्रि उत्सव की खरीदारी के लिए उमड़ी भीड़



**कल्याण.** सोमवार को जिले में 3,862 देवी प्रतिमाओं और 7,532 घट स्थापना की जाएगी। इसके लिए शनिवार को शहर के मुख्य बाजार में सामग्री खरीदने के लिए नागरिकों की भीड़ उमड़ पड़ी। फूलों और पूजा सामग्री के साथ-साथ गरबा के लिए पारंपरिक वस्त्र खरीदने के लिए बाजार में भीड़ उमड़ पड़ी। इस भीड़ के कारण बाजार क्षेत्र में कुछ यातायात जाम भी रहा।

ठाणे जिले में गणेशोत्सव की तरह नवरात्रि उत्सव बड़े उत्साह के साथ मनाया जाता है। शहर के सभी मंदिरों को नवरात्रि उत्सव के लिए रोशन किया गया है। साथ ही, शहर के बाजार पूरी तरह से गुलजार हैं। घट स्थापना के लिए आवश्यक सभी सामग्री जैसे चीनी, मिट्टी, देवी के मुखौटे, आभूषण, नारियल, अनाज बाजार में बिक्री के लिए आ गए हैं। वर्तमान में रास-गरबा ने एक अनूठी विविधता प्राप्त कर ली है और कई लोग उत्साह के साथ रास-गरबा में भाग लेते हैं। इसलिए, बाजार में विभिन्न प्रकार के घाघरा, चनियाचोली, जैकेट, कुर्ते, दुपट्टे के साथ-साथ घाघरा कपड़े और कुंदन, मोती और सीपियों से बने ऑक्साइड आभूषण बिक्री के लिए उपलब्ध हैं। वहीं, इस वर्ष छोटे से लेकर बड़े आकार की टोकरियाँ 30 रुपये से 200 रुपये तक बिक रही हैं।

इसके अलावा, नवरात्रि के दौरान देवी की पूजा के लिए आवश्यक सामग्री खरीदने के लिए नागरिक दौड़ रहे हैं। इन सामग्रियों को खरीदने के लिए नागरिक शनिवार दोपहर से ही बाजार में उमड़ पड़े थे। इसके कारण बाजार क्षेत्र में यातायात जाम की स्थिति बनी रही। साथ ही, घट स्थापना के लिए नौ दिनों तक गेंदे के फूलों की मालाएँ बनाकर घाट पर छोड़ी जाती हैं। इस कारण इस दौरान गेंदे के फूलों की बड़ी मांग रहती है। शाम होते ही इन सभी सामग्रियों को खरीदने के लिए नागरिकों की भीड़ बाज़ार में उमड़ने लगी।

# बच्चे की पिटाई करने वाली शिक्षिका के खिलाफ मामला दर्ज

**उल्हासनगर.** शहर के एक प्लेग्रुप में 17 अगस्त को एक शिक्षिका ने चार साल के बच्चे की पिटाई कर दी। इस मामले में विट्ठलवाड़ी पुलिस स्टेशन में शिक्षिका के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। उल्हासनगर कैंप क्रमांक-4, कुर्ला कैंप गुरु नानक स्कूल के पास स्थित एक्सीलेंट प्लेग्रुप में चार साल का एक बच्चा पढ़ने जाता था। जब उसकी तबियत खराब हुई, तो उसके माता-पिता ने शिक्षिका से इस बारे में पूछा। हालाँकि, उन्होंने कोई उचित कारण नहीं बताया। इसी बीच, असली कहानी तब सामने आई जब एक शिक्षिका द्वारा एक लड़के की पिटाई का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। लड़के के माता-पिता की शिकायत पर विट्ठलवाड़ी पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया। लड़के ने कविता नहीं सुनाई। माता-पिता ने यह भी आरोप लगाया कि शिक्षक ने उसे इसलिए पीटा क्योंकि उसने ताली नहीं बजाई।

# क्रिप्टो निवेश का लालच

- 2 लोगों से 63 लाख रुपये की ठगी

**उल्हासनगर.** शहर के प्रकाश खानचंदानी और रेणु रायखागर को क्रिप्टो में अतिरिक्त लाभ के लिए निवेश करने का लालच देकर 63 लाख रुपये की ऑनलाइन ठगी का मामला सामने आया है। इस मामले में उल्हासनगर और हिललाइन पुलिस थानों में मामला दर्ज किया गया है और पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है।

उल्हासनगर कैंप नंबर-1, रीजेंसी एंटीलिया निवासी प्रकाश ज्ञानचंद खानचंदानी को 15 मई, 2025 की दोपहर कशवी और कस्टमर केयर से उनके मोबाइल पर एक कॉल आया। प्रकाश को अतिरिक्त लाभ का लालच देकर विभिन्न बैंक खातों में ऑनलाइन पैसे जमा करने को कहा गया। विभिन्न खातों में 41 लाख 21 हजार 680 रुपये ऑनलाइन जमा करने के बाद भी लाभ न मिलने पर उन्हें ठगी का एहसास हुआ। पुलिस को घटना बताने के बाद उल्हासनगर पुलिस ने दोनों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया।

दूसरी घटना में, रेणु जगदीश रायखागर को 8 से 13 अगस्त के बीच अवंती स्नेहा, ट्रेनर अमेय और रेशिपनिष्ठा मायाकुमारी का फोन आया और उन्होंने कहा कि वे डिजिटल पीआर लिमिटेड कंपनी से बात कर रहे हैं। उन्होंने रेणु के बैंक खाते में एक टास्क खेलने और उसे जीतने का झांसा देकर 19,898 रुपये भेजे। उन्होंने क्रिप्टो मुद्रा में अतिरिक्त लाभ का वादा करके उसे विभिन्न खातों में ऑनलाइन जमा करने के लिए भी कहा। विभिन्न बैंक खातों में 21 लाख 19 हजार 999 रुपये जमा करने के बाद भी कोई लाभ नहीं मिलने पर रेणु को ऑनलाइन ठगी का एहसास हुआ। उनकी शिकायत के आधार पर हिललाइन पुलिस ने तीनों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया।

# पलावा पुल की फिर की जा रही है मरम्मत

**कल्याण.** कल्याण शील रस्ते पर मौजूद पलावा पूल हमेशा चर्चे मे रहा है. एक बार फिर पलावा पूल चर्चा में है. पूल पर बनी सडक फिर से खोदी जा रही है. सड़क खोदकर सडक पर फिर से डांबर डाला जा रहा है, इसके बाद मास्टइंग का काम किया जायेगा. जल्द बाजी मे इस पूल का उद्घाटन किया गया जिसका खामियाजा अब लोग उठा रहे है. कल्याण शील सडक पर यातायात की समस्या से लोग परेशान है। यातायात को सुचारू करने के लिए यहा दो पूल प्रस्तावित थे। जिसमे से एक पूल बनकर तैयार हुआ.

# अंबरनाथ में ढाई लाख का एमडी ड्रग्स पकड़ा गया

- पति-पत्नी गिरफ्तार
- पुलिस की बड़ी कार्रवाई
- 20 अगस्त को 32 लाख का ड्रग्स पकड़ा गया
- बच्चे हो रहे बरबाद
- सामाजिक संगठनों को आगे आना होगा



**अंबरनाथ.** अंबरनाथ पुलिस ने भगतसिंह नगर से ढाई लाख का एमडी ड्रग्स पाउडर बेचने वाले पति-पत्नी को गिरफ्तार किया है. आसिफा शरीफ शेख (26) और शरीफ सलीम शेख को 20 सिंतबर शनिवार रात में 20.30 बजे एमडी ड्रग्स के साथ पुलिस ने पकड़ा है, जिसकी कीमत ढाई लाख रुपए बताई गई है.

अंबरनाथ पश्चिम में स्टेशन रोड पर स्थित भगतसिंह नगर, सिद्धार्थ नगर में गांजा और चरस और एमडी ड्रग्स का कारोबार धड़ल्ले से महिलाएं कर रही हैं. दोनों आरोपियों का नाम इससे पहले भी पुलिस में आ चुका है. यहां पर छोटे-छोटे बच्चों से ये महिलाएं चरस, गांजे का व्यापार करा रही हैं. शहर की सामाजिक संगठनों को इस कार्य के लिए आगे आना होगा.

विदित हो कि शहर पूर्व से 20 अगस्त 25 को उल्हासनगर क्राइम ब्रांच ने 32 लाख रुपयों के एमडी पाउडर के साथ फरहान चौधरी (21) को रंगे हाथों पकड़ा था. 28 मई को भगत सिंह नगर से क्राइम ब्रांच ने एक लाख 30 हजार रुपयों का गांजा, चरस पकड़ा था. जिसमें अल्लाबक्ष शेख नामी व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया था. शबाना शेख का नाम बताया था. गत दिनों एक अल्पवयीन लड़का शहर पश्चिम के स्टेशन चौक पर अपने दोस्त को पकड़कर नशे की बोतल मांग रहा था. जिसका वीडियो शहर में वायरल हो गया था. 20 सितंबर की कार्रवाई व वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक शब्बीर सय्यद के मार्गदर्शन में की गई है. वह इस मामले को लेकर सख्त दिखाई दे रहे हैं. भगतसिंह नगर में ऐसी कार्रवाई लगातार पुलिस करती रहेगी.

# कल्याण-डोंबिवली में 6 हजार देवी की प्राण प्रतिष्ठा

- 3 हजार स्थानों पर खेला जाएगा डांडिया रास



**कल्याण.** सोमवार से शुरू हो रहे शारदीय नवरात्रि उत्सव के दौरान कल्याण-डोंबिवली शहर के विभिन्न हिस्सों में कुल 6 हजार 378 स्थानों पर देवी की प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी। दो हजार 897 स्थानों पर रास डांडिया खेला जाएगा। डोंबिवली के सावलाराम महाराज स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में भाजपा द्वारा एशिया का सबसे बड़ा वातानुकूलित डांडिया आयोजित किया गया है। वहीं, शिंदे शिवसेना और श्रीकांत शिंदे फाउंडेशन द्वारा डोंबिवली के ध. ना. चौधरी विद्यालय के मैदान में रासरंग डांडिया का आयोजन किया गया है।

इस 10 दिवसीय नवरात्रि उत्सव के दौरान कल्याण-डोंबिवली में कुल 6 हजार 387 स्थानों पर देवी की पूजा की जाएगी। देवी दुर्गा के 33 मंदिरों सहित 2 हजार 897 स्थानों पर रास डांडिया कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। शहर के विभिन्न हिस्सों में देवी के आगमन और मंडप की सजावट के लिए सार्वजनिक नवरात्रि उत्सव जोरों पर हैं। साथ ही, जैसे-जैसे आगे बारिश का बड़ा संकट मंडरा रहा है, आसमान में छाए काले बादल कार्यकर्ताओं की चिंता बढ़ा रहे हैं।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष रवींद्र चव्हाण की पहल पर, डोंबिवली स्थित सावलाराम महाराज खेल परिसर में आयोजित वातानुकूलित मंडप में डांडिया खेला जाएगा। मंडप का निर्माण कला निर्देशक संजय धाबडे ने किया है। इस वर्ष पहली बार, मुख्य मंडप के दोनों ओर डांडिया जुलूस के लिए 25,000 वर्ग फुट के दो खुले मंडप बनाए गए हैं। मंडप में 65 मीटर गुणा 40 मीटर आकार का एक ऑर्केस्ट्रा और गायकों के लिए एक मंच भी है।

अंबा/दुर्गा माता के 33 मंदिरों में नवरात्रि उत्सव मनाया जाएगा, जिनमें कल्याण के महात्मा फुले चौक पुलिस स्टेशन क्षेत्र में 4, कल्याण के बाजारपेट पुलिस स्टेशन क्षेत्र में 2, डोंबिवली के रामनगर पुलिस स्टेशन क्षेत्र में 4, मानपाड़ा पुलिस स्टेशन क्षेत्र के विष्णुनगर पुलिस स्टेशन क्षेत्र में 2, मानपाड़ा पुलिस स्टेशन क्षेत्र में 9 सार्वजनिक, 10 निजी और मानपाड़ा के तिलकनगर पुलिस स्टेशन क्षेत्र में 2 मंदिर शामिल हैं। कुल 2,767 दुर्गा माता की मूर्तियाँ 143 सार्वजनिक स्थानों पर और 2,624 निजी स्थानों पर स्थापित की जाएँगी। 130 स्थानों पर दुर्गा माता की प्रतिमाएँ स्थापित की जाएँगी, जिनमें 63 सार्वजनिक और 67 निजी स्थान शामिल हैं। 3,457 स्थानों पर घाट स्थापित किए जाएँगे, जिनमें 15 सार्वजनिक और 3,442 निजी स्थान शामिल हैं।



जैसे पके हुए फलों को गिरने के सिवा कोई भय नहीं वैसे ही पैदा हुए मनुष्य को मृत्यु के सिवा कोई भय नहीं. – वाल्मीकि

उल्हास विकास लोकप्रिय हिंदी दैनिक

संपादकीय

## भारत के सामने क्या हैं चुनौतियां

गंभीर आर्थिक संकट से जूझ रहे पाकिस्तान ने हाल में सऊदी अरब के साथ एक 'रणनीतिक पारस्परिक रक्षा' समझौता किया है। इसके मुताबिक, दोनों देशों में से किसी पर भी अगर कोई हमला होता है, तो उसे 'दोनों के विरुद्ध आक्रमण' माना जाएगा। यानी ऐसी स्थिति में दोनों एक-दूसरे का साथ देंगे। निश्चित तौर पर यह भारत के लिए चिंता का विषय है और माना जा रहा कि सरकार राष्ट्रीय सुरक्षा के साथ-साथ क्षेत्रीय एवं वैश्विक स्थिरता पर इस समझौते के प्रभावों का अध्ययन करेगी।

यहां सवाल यह भी है कि क्या भारत से संबंधों को लेकर सऊदी अरब का नजरिया बदल गया है? अगर हाल-फिलहाल के घटनाक्रमों को देखें तो ऐसा कुछ नजर नहीं आता है। विदेश मंत्रालय का कहना है कि भारत और सऊदी अरब के बीच व्यापक रणनीतिक साझेदारी है, जो पिछले कुछ वर्षों में काफी प्रगाढ़ हुई है। साथ ही उम्मीद जताई है कि सऊदी अरब रणनीतिक तौर पर भारत के साथ पारस्परिक हितों और संवेदनशीलता को ध्यान में रखेगा।

ताजा समझौता इस वर्ष मई में भारत और पाकिस्तान के बीच हुए सैन्य संघर्ष के चार महीने बाद हुआ है और इस दृष्टि से भारत की चिंता जायज है। पाकिस्तान के इस कदम को भारत पर रणनीतिक रूप से मनोवैज्ञानिक दबाव बनाने के प्रयास के तौर पर भी देखा जा रहा है। मगर एक सच यह भी है कि पाकिस्तान वर्तमान में गंभीर आर्थिक संकट, महंगाई और बेरोजगारी समेत कई मोर्चे पर जूझ रहा है। ऐसे में सऊदी अरब के साथ समझौते का एक अहम मकसद वित्तीय मदद हासिल करना भी है। वहीं, सऊदी अरब के भी अपने तकाजे हैं।

वह ईरान और इजराइल की तनातनी से उत्पन्न क्षेत्रीय अशांति के खतरों के विरुद्ध अपनी सुरक्षा मजबूत करना चाहता है। मगर भारत के संदर्भ में देखें तो सऊदी अरब यहां लंबे समय से रणनीतिक और आर्थिक संबंधों में निवेश करता रहा है। भारत, सऊदी अरब का दूसरा सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार देश है। मगर उसका नया रुख चौंकाने वाला है। जो भी हो, इस समझौते से उपजी किसी भी आशंका एवं संभावना को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता और भारत को सतर्क रहकर भविष्य के लिए अपनी रणनीतियां तय करनी होंगी।

# चुनाव आयोग को बदनाम करने की साजिश

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने एक बार फिर वोट चोरी का मामला उठाकर चुनाव आयोग पर निशाना साधा। इस बार उन्होंने कर्नाटक की अलंद विधानसभा सीट से कांग्रेस के 6,018 वोट काटे जाने का आरोप लगाया और एक प्रेस कांफ्रेंस में प्रजेंटेशन देकर यह समझाया कि किस तरह मोबाइल फोन के जरिये कांग्रेसी वोटरों के वोट काटे गए।

पिछली बार भी उन्होंने इसी तरह वोट चोरी के एक मामले को सामने रखा था और उसे एटम बम की संज्ञा दी थी। वे वोट चोरी के एक और मामले को सामने लाएंगे और उसे हाइड्रोजन बम बताएंगे। राहुल का चुनाव आयोग पर निशाना नया नहीं है। वे एक अर्से से यही कर रहे हैं। वे महाराष्ट्र में कथित वोट चोरी का मामला उछाल चुके हैं और बिहार में मतदाता सूची के सत्यापन को भी वोटों की चोरी बता चुके हैं। पहले वे चुनाव आयोग पर निशाना साधने के लिए ईवीएम में छेड़छाड़ का मुद्दा उठाते थे। जब सुप्रीम कोर्ट में इस मुद्दे की हवा निकल गई तो वोट चोरी के अपने आरोपों को एक अभियान बनाने में जुट गए। वे सीधे मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार पर हमला बोल रहे हैं। उनकी मानें तो मुख्य चुनाव आयुक्त भाजपा को जिताने के लिए कांग्रेस के वोट काटने का काम कर रहे हैं।



राहुल गांधी ने वोट चोरी के अपने आरोप को धार देने के लिए कर्नाटक की अलंद विधानसभा सीट से कांग्रेसी वोटरों के वोट काटे जाने का जो मामला सामने रखा, उससे यह प्रतीति हुई कि 6,018 वोटरों के नाम सचमुच हटा दिए गए, लेकिन कुल 24 वोट काटे गए और वे भी उनके, जिनके कटने चाहिए थे। अन्य वोट काटने की नाकाम कोशिश हुई थी। इस मामले में खुद चुनाव आयोग ने एफआइआर दर्ज कराई और इसकी जांच कर्नाटक सीआइडी कर रही है। राहुल गांधी का आरोप है कि चुनाव आयोग कर्नाटक सीआइडी को वोट काटे जाने के मामले में बार-बार मांगे जाने के बाद भी वांछित जानकारी नहीं दे रहा है, पर चुनाव आयोग के अनुसार 2023 के इस मामले में जो जानकारी मांगी गई थी, वह सीआइडी को उपलब्ध कराई जा चुकी है। इस हिसाब से गेंद सीआइडी के पाले में है।

चुनाव आयोग ने स्पष्ट किया है कि मोबाइल फोन के जरिये उस तरह वोट काटे या जोड़े नहीं जा सकते, जैसे राहुल गांधी कह रहे हैं। किसी का नाम वोटर लिस्ट से हटाने और जोड़ने की एक तय प्रक्रिया होती है और उसमें चुनाव कर्मचारी शामिल होते हैं। वे अपने स्तर पर छानबीन कर किसी का नाम जोड़ते या हटाते हैं। इस प्रक्रिया में कई बार गड़बड़ी भी होती है, लेकिन उसके लिए जिम्मेदार बीएलओ और अन्य चुनाव अधिकारी होते हैं, जो राज्य सरकार के तहत काम करते हैं। यदि किसी का नाम हटाने या जोड़ने में कोई खामी होती है तो इसके आधार पर यह नहीं कहा जा सकता कि उसके लिए सीधे मुख्य चुनाव आयुक्त जिम्मेदार हैं। राहुल गांधी यही साबित करने की कोशिश इसलिए कर रहे हैं, ताकि चुनाव आयोग को बदनाम कर सकें और यह माहौल बना सकें कि भाजपा छल-छद्म से चुनाव जीतती है।

भारत में 96 करोड़ वोटर हैं और इतने बड़े देश में कहीं पर भी मतदाता सूची में गड़बड़ी हो सकती है और होती भी है। राहुल गड़बड़ी के जो भी उदाहरण दे रहे हैं, वे कुछ सौ या हजार वोटों के हैं। यह सही है कि मतदाता सूची सही से तैयार होनी चाहिए, पर क्या कांग्रेस इसकी गारंटी ले सकती है कि उसके केंद्र की सत्ता में रहते समय चुनाव आयोग की ओर से तैयार मतदाता सूचियां दुरुस्त होती थीं? कांग्रेस इसलिए खिसियाई है, क्योंकि उसके लिए चुनाव जीतना मुश्किल हो रहा है। उसने लोकसभा चुनाव में 99 सीटें जीतने के बाद यह माना था कि अब आगामी सभी चुनावों में उसकी जीत होगी, पर जब ऐसा नहीं हुआ तो हताशा में उसने अपनी हार का ठीकरा भाजपा और चुनाव आयोग पर फोड़ना शुरू कर दिया।

यदि कांग्रेस यह समझ रही है कि इससे उसका गिरता वोट प्रतिशत बढ़ जाएगा या फिर क्षेत्रीय दलों पर उसकी निर्भरता कम हो जाएगी तो ऐसा होने वाला नहीं है। कांग्रेस पर लोग भरोसा नहीं कर पा रहे हैं तो उसकी रीति-नीति के कारण। राहुल यह समझने को तैयार नहीं कि भाजपा क्यों जीतती है? जहां भाजपा की जीत में प्रधानमंत्री मोदी की प्रभावी नेता की छवि भी कारगर साबित होती है, वहीं राहुल के लिए अपने दम पर कांग्रेस को चुनाव जिताना कठिन हो रहा है।




ध्यानाभ्यास की उपचारात्मक शक्ति से हम भावनात्मक पीड़ा को कम व समाप्त कर सकते हैं।

- संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

स्थान - सावन कृपाल रूहानी मिशन, सावन आश्रम, परम संत कृपाल सिंह जी महाराज चौक, खेमानी रोड, उल्हासनगर-२

देखें सत्संग आस्था चैनल पर हर रोज़ सोम - शनि सुबह ८.२० से ८.४० तक

# अमेरिकी कंपनियों को भी होगा नुकसान




भारतीय कंपनियों को देश में ही अपना कारोबार बढ़ाने के जतन इसलिए भी करने चाहिए क्योंकि आने वाले समय में ट्रंप कुछ और ऐसे कदम उठा सकते हैं जिनके निशाने पर भारत हो। उन्होंने भले ही टैरिफ के मामले में लचीला रवैया अपनाते हुए भारत से शीघ्र व्यापार समझौता होने की संभावना जताई हो लेकिन वे भारतीय हितों के विपरीत काम करते दिख रहे हैं।

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप की ओर से एच-1 बी वीजा की फीस में अप्रत्याशित वृद्धि का फैसला भारतीय आइटी कंपनियों के साथ अमेरिकी हितों को भी चोट पहुंचाने वाला है। उनके इस फैसले से भारतीय आइटी कंपनियों के साथ अमेरिकी कंपनियों पर भी बुरा असर पड़ेगा और इनमें आइटी सेक्टर से इतर क्षेत्र की कंपनियां भी हैं। इसका प्रमाण यह है कि उनके फैसले की आलोचना अनेक अमेरिकी ही कर रहे हैं।

यदि ट्रंप यह सोच रहे हैं कि एच-1बी वीजा धारकों की फीस एक हजार डालर से एक लाख डालर सालाना करने से भारतीय और अमेरिकी कंपनियां अमेरिका के युवाओं को नौकरी देने के लिए बाध्य हो जाएंगी तो यह उनकी भूल है, क्योंकि इन कंपनियों को जैसे और जितने सक्षम युवा पेशेवर चाहिए, वे अमेरिका में हैं ही नहीं। अमेरिकी राष्ट्रपति यह भी भूल रहे हैं कि अमेरिका के आर्थिक विकास में अप्रवासियों का बहुत योगदान है और यह केवल पेशेवर लोगों का ही नहीं, बल्कि कामगारों का भी है। यह ठीक है कि इन कामगारों में अच्छी-खासी संख्या अवैध तरीके से अमेरिका पहुंचे लोगों की है, लेकिन यदि ऐसे सभी लोगों को निष्कासित कर दिया जाएगा तो अमेरिका में काम-धंधा ठप होने की नौबत आ जाएगी।

निःसंदेह अमेरिकी राष्ट्रपति के फैसले ने भारतीय आइटी कंपनियों के समक्ष फौरी तौर पर परेशानी खड़ी कर दी है, लेकिन वे इस समस्या का कोई न कोई समाधान निकाल लेंगी। यदि उनके साथ अमेरिकी कंपनियां भी अपना कारोबार बाहर ले जाती हैं या आउटसोर्स करती हैं तो इससे कुल मिलाकर अमेरिका को ही नुकसान होगा। चूंकि एच-1 बी वीजा धारकों के सबसे अधिक लाभार्थी भारतीय हैं, इसलिए अमेरिका में नौकरी करने के इच्छुक युवाओं को झटका लगेगा, लेकिन भारतीय कारोबारी उनके लिए देश में ही काम के अवसर पैदा कर सकते हैं। उन्हें ऐसा करना भी चाहिए। उन्हें ट्रंप के फैसले को आपदा नहीं, बल्कि अवसर के रूप में देखना चाहिए।

भारतीय कंपनियों को देश में ही अपना कारोबार बढ़ाने के जतन इसलिए भी करने चाहिए, क्योंकि आने वाले समय में ट्रंप कुछ और ऐसे कदम उठा सकते हैं, जिनके निशाने पर भारत हो। उन्होंने भले ही टैरिफ के मामले में लचीला रवैया अपनाते हुए भारत से शीघ्र व्यापार समझौता होने की संभावना जताई हो, लेकिन वे भारतीय हितों के विपरीत काम करते दिख रहे हैं। वे केवल यही दबाव नहीं बना रहे कि भारत रूस से तेल खरीदना बंद करे, बल्कि उन्होंने ईरान के चाबहार बंदरगाह में भारत के लिए मुसीबत खड़ी करने का काम किया है। ट्रंप अपने फैसलों को इस रूप में रेखांकित कर रहे हैं कि उनसे अमेरिकी अर्थव्यवस्था को पंख लग जाएंगे, लेकिन आठ माह का उनका कार्यकाल उनकी नाकामी ही बयान कर रहा है।

# उम्र 18 साल, हाइट 8.2 फीट, जन्म के साथ ही बनाया था वर्ल्ड रिकॉर्ड

**जरा हट के**

उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर में उस वक्त लोगों की भीड़ लग गई जब दिल्ली-देहरादून हाईवे पर एक 8.2 फीट लंबा युवक अपने पिता के साथ पहुंचा. युवक की असाधारण लंबाई देखकर हर कोई हैरान रह गया और फोटो खिंचवाने की होड़ लग गई. यह युवक है करण सिंह, उम्र 18 वर्ष, जो सहारनपुर का निवासी है और वह ऐसा दावा करते है कि वो दुनिया का दूसरा सबसे लंबा व्यक्ति है. अपनी इसी लंबाई के चलते करण सिंह अक्सर चर्चाओं में बना रहता है.

करण सिंह का कहना है कि तुर्की निवासी सुल्तान कोसेन दुनिया में उनसे महज एक इंच लंबे हैं, लेकिन वे दावा करते हैं कि जल्द ही उनका रिकॉर्ड तोड़ देंगे. बता दें, हाल ही में कारण सिंह अपने पिता संजय सिंह के साथ दिल्ली-देहरादून नेशनल हाईवे 58 पर पहुंचे. इस दौरान पत्रकारों ने भी करण सिंह से बातचीत की. करण के पिता



संजय सिंह ने बताया कि जब उनका बेटा पैदा हुआ था, तो उसका वजन 8.87 किलोग्राम और लंबाई 3 फीट थी, जो अपने आप में एक वर्ल्ड रिकॉर्ड था.

**तीन गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड, बास्केटबॉल चैंपियन, एक्टिंग में भी दिलचस्पी**

करण का कहना है कि उनके नाम अभी तक तीन गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड हैं. करण सिंह इस समय कक्षा 12वीं के छात्र है और पीसीबी स्ट्रीम से पढ़ाई कर रहा है. वे बताते हैं कि उन्हें स्पोर्ट्स, एक्टिंग और मीडिया में भी काफी दिलचस्पी है. करण अंडर-15 बास्केटबॉल चैंपियन रह चुके हैं और भविष्य में अपना करियर वहीं बनाना चाहते हैं जहां उन्हें बेहतर स्कोप दिखेगा.

करण सिंह ने बताया, 'मेरी हाइट इस समय 8 फीट 2 इंच है और अभी मेरी उम्र सिर्फ 18 साल है. मेरी हाइट अभी और बढ़ रही है. मैं चाहता हूं कि मैं दुनिया का सबसे लंबा व्यक्ति बनूं और तुर्की के सुल्तान कोसेन का रिकॉर्ड तोड़ूं.' करण ने हाल ही में WWE रेसलर "द ग्रेट खली" से भी मुलाकात की थी, जिससे उनकी चर्चाएं और भी तेज़ हो गईं. करण सिंह की लंबाई के कारण जहां भी वह जाता है, लोग सेल्फी लेने के लिए उत्साहित हो जाते हैं.

खाना-खजाना

# नमकीन सेवई

सुबह का नाश्ता दिन भर के लिए एनर्जी देता है, लेकिन अक्सर समय की कमी के कारण हम कुछ भी खाकर काम चला लेते हैं। अगर आप भी इस समस्या से परेशान हैं, तो नमकीन सेवई आपके लिए एक बेहतरीन और हेल्दी ऑप्शन हो सकती है।

**सामग्री :**

- भुनी हुई सेवई: 1 कप
- बारीक कटी हुई सब्जियां: आधा कप (गाजर, मटर, शिमला मिर्च, प्याज)
- तेल या घी: 2 बड़े चम्मच
- राई: आधा छोटा चम्मच
- कढ़ी पत्ता: 5-6
- बारीक कटी हरी मिर्च: 1
- अदरक-लहसुन का पेस्ट: आधा छोटा चम्मच
- हल्दी पाउडर: एक चौथाई छोटा चम्मच
- नमक: स्वादानुसार
- पानी: 1.5 से 2 कप



- गार्निश के लिए: नींबू का रस और हरा धनिया

**विधि :**

अगर आपकी सेवई भुनी हुई नहीं है, तो एक पैन में थोड़ा सा घी डालकर उसे हल्का सुनहरा होने तक भून लें। भुनी हुई सेवई इस्तेमाल करने से सेवई आपस में चिपकेगी नहीं। उसी पैन में थोड़ा और तेल डालें। राई और कढ़ी पत्ता डालकर तड़का लगाएं। जब राई चटकने लगे, तो प्याज और हरी मिर्च डालकर भूनें। अब अदरक-लहसुन का पेस्ट डालें और एक मिनट तक पकाएं। कटी हुई गाजर, शिमला मिर्च, और मटर डालकर 2-3 मिनट तक भूनें। अब इसमें हल्दी और नमक डालकर अच्छी तरह मिलाएं। अब पैन में पानी डालें और एक उबाल आने दें। जब पानी उबलने लगे, तो भुनी हुई सेवई डालें और अच्छी तरह मिलाएं। आंच धीमी कर दें और पैन को ढक दें। सेवई को पानी सोखने और पूरी तरह पकने तक पकाएं। इसमें लगभग 5-7 मिनट लगेंगे। बीच-बीच में एक बार चला सकते हैं।

गैस बंद कर दें। सेवई को थोड़ा ठंडा होने दें ताकि वह खिली-खिली हो जाए। ऊपर से नींबू का रस और कटा हुआ हरा धनिया डालकर गरमा-गरम परोसें।

# पैरों और कोर मसल्स को मजबूत बनाएं रखेंगे वॉल सीट्स

शारीरिक स्वास्थ्य की बात करें तो आमतौर पर लोग हाथों और एब्स पर अधिक ध्यान देते हैं, जबकि पैरों और कोर मसल्स की अहमियत उतनी ही जरूरी होती है। शरीर की स्टेबिलिटी, बैलेंस और उठना, बैठना, दौड़ना या वजन उठाना इन सभी में पैरों और कोर की मजबूती सबसे अहम होती है।
इन मसल्स को मजबूत रखने का एक आसान, असरदार और बिना इक्विपमेंट वाला तरीका है – वॉल सिट्स । यह एक स्टैटिक एक्सरसाइज है जिसे दीवार के सहारे बैठने की पोज में किया जाता है। अगर आप हर दिन सिर्फ 15 वॉल सिट्स को अपनी डेली रूटीन में शामिल कर लें, तो ये छोटे प्रयास भी आपकी जिन्दगी में बड़े बदलाव ला सकते हैं। यहां जानिए इसे करने के फायदों के बारे में..




**■ जांघों की मांसपेशियां मजबूत होती हैं**

वॉल सिट्स क्वाड्रिसेप्स को टार्गेट करता है, जिससे मसल्स की ताकत और शेप दोनों बेहतर होते हैं।

**■ ग्लूट्स को टोन करता है**

यह एक्सरसाइज हिप्स और बट की मांसपेशियों को टोन करती है, जिससे निचला शरीर मजबूत और आकर्षक बनता है।

**■ कोर स्ट्रेंथ बढ़ती है**

पेट की मांसपेशियां वॉल सीट के दौरान एक्टिव रहती हैं, जिससे कोर मजबूत होता है और बैक सपोर्ट बेहतर होता है।

**■ घुटनों की स्थिरता में सुधार होता है**

नियमित अभ्यास से घुटनों में मजबूती आती है, जिससे वे लंबे समय तक स्वस्थ रहते हैं।

**■ स्टैमिना में बढ़ोतरी**

मसल्स को एक स्थिति में रोककर रखने से स्टैमिना और मसल एंड्यूरेंस बेहतर होती है।

**■ मानसिक फोकस बढ़ता है**

वॉल सीट करते समय मानसिक एकाग्रता की आवश्यकता होती है, जिससे ध्यान केंद्रित करने की क्षमता बढ़ती है।

**■ फ्लेक्सिबिलिटी में सुधार होता है**

जांघों और हिप्स की मांसपेशियों में खिंचाव से लचीलापन बढ़ता है।

**■ कैलोरी बर्न होती है**

कम समय में अधिक प्रभाव देने वाली यह एक्सरसाइज फैट घटाने में मददगार है।

**■ बैलेंस और पोस्चर बेहतर होता है**

यह मुद्रा रीढ़ की सीधी रेखा में रहती है, जिससे पोस्चर सुधरता है।

**■ समय की बचत होती है**

बिजी शेड्यूल में भी 5–7 मिनट देकर आप अपनी फिटनेस को बेहतर बना सकते हैं। हर दिन केवल 15 वॉल सिट्स करके आप अपने पैरों और कोर को न सिर्फ ताकतवर बना सकते हैं, बल्कि सम्पूर्ण फिटनेस में भी सुधार कर सकते हैं। ये फिटनेस की शुरुआत करने का एक सरल, सुरक्षित और प्रभावशाली तरीका है।

## आज का राशिफल

**मेष** : दौड़धूप अधिक रहेगी। बुरी खबर मिल सकती है। वाणी पर नियंत्रण रखें। दुष्टजन हानि पहुंचा सकते हैं। समाज में आपके कार्यों की आलोचना होगी। राजकीय सहयोग मिलेगा एवं इस क्षेत्र के व्यक्तियों से संबंध बढ़ेंगे। वाणी पर संयम रखें।

**वृषभ** : मेहनत सफल रहेगी। कार्य की प्रशंसा होगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। ऐश्वर्य के साधन मिलेंगे। विद्यार्थियों को प्रतियोगिता में सफलता मिलेगी। व्यापार अच्छा चलेगा। कार्य निर्णय बहुत शांति से विचार करके करना ही शुभ है।

**मिथुन** : पुराने मित्र व संबंधियों से मुलाकात होगी। उत्साहवर्धक सूचना मिलेगी। स्वाभिमान बना रहेगा। नौकरी में मनचाही पदोन्नति मिलने के योग बनेंगे। स्वास्थ्य की ओर ध्यान दें। रुका धन मिलेगा। व्यापार में नए अनुबंध होंगे। अजनबियों पर विश्वास न करें।

**कर्क** : यात्रा, निवेश व नौकरी मनोनुकूल रहेंगे। अप्रत्याशित लाभ हो सकता है। जोखिम न उठाएं। प्रसन्नता रहेगी। धर्म के कार्यों में रुचि आपके मनोबल को ऊंचा करेगी। आर्थिक स्थिति में सुधार की संभावना है। व्ययों में कमी करना चाहिए।

**सिंह** : फालतू खर्च होगा। शारीरिक कष्ट संभव है। दूसरों पर अतिविश्वास न करें। वस्तुएं संभालकर रखें। आपकी मिलनसारिता व धैर्यवान प्रवृत्ति आपके जीवन में आनंद का संचार करेगी। स्थायी संपत्ति में वृद्धि होगी। व्यापार अच्छा चलेगा।

**कन्या** : डूबी हुई रकम प्राप्त होगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। प्रसन्नता रहेगी। सार्वजनिक कार्यों में समय व्यतीत होगा। संतान की ओर से शुभ समाचार मिलेंगे। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। रोजगार के क्षेत्र में उन्नति होगी।

**तुला** : घर-बाहर पूछ-परख रहेगी। योजना फलीभूत होगी। नए अनुबंध होंगे, प्रयास करें। प्रसन्नता रहेगी। उत्तम मनोबल आपकी सभी समस्याओं को हल कर देगा। प्रतिष्ठित जनों से मेलजोल बढ़ेगा। व्यापार में नए प्रस्ताव मिलेंगे।

**वृश्चिक** : राजकीय बाधा दूर होगी। पूजा-पाठ में मन लगेगा। व्यवसाय ठीक चलेगा। निवेश शुभ रहेगा। प्रसन्नता रहेगी। अपनी वस्तुएं संभालकर रखें। जीवनसाथी से मतभेद। व्यवहारकुशलता से समस्या का समाधान हो सकेगा। वाहन सावधानी से चलाएं।

**धनु** : वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। विवाद को बढ़ावा न दें। कुसंगति से हानि होगी। आय कम होगी। नए संबंध लाभदायी सिद्ध होंगे। व्यावसायिक क्षेत्र में सफलता का विशेष योग है। व्यापारिक निर्णय जल्दबाजी में न लें।

**मकर** : राजकीय बाधा दूर होगी। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। चिंता रहेगी। प्रमाद न करें। परेशानियों का मुकाबला करके भी लक्ष्य को प्राप्त कर सकेंगे। शिक्षा व ज्ञान में वृद्धि होगी। अधूरे पड़े काम पूरे होने के योग हैं।

**कुंभ** : संपत्ति के कार्य लाभ देंगे। शत्रु परास्त होंगे। बेरोजगारी दूर होगी। यात्रा, नौकरी व निवेश लाभदायक रहेंगे। व्यापार में कर्मचारियों पर अधिक विश्वास न करें। आर्थिक स्थिति कमजोर रहेगी। संतान की शिक्षा संबंधी समस्या रह सकती है।

**मीन** : यात्रा मनोरंजक रहेगी। रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा। प्रसन्नता बनी रहेगी। आय में अधिक व्यय से मनोबल कमजोर पड़ सकता है। कार्य, व्यवसाय के क्षेत्र में विभिन्न बाधाओं से मन अशांत रहेगा।

-ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री

# दिनभर शरारतें करता है बच्चा, तो बिना डांटे 5 टिप्स से सिखाएं अनुशासन

क्या आपका बच्चा भी दिनभर शरारतें करता है और आपकी बात नहीं मानता? अगर हां, तो आप अकेले नहीं हैं। कई माता-पिता इस समस्या से जूझते हैं और अक्सर डांट-फटकार का सहारा लेते हैं, जिसका असर उल्टा भी हो सकता है।
डांटने या मारने के बजाय, अनुशासन सिखाने के कुछ आसान और कारगर तरीके हैं। इन 5 टिप्स से आप बिना बच्चे को ठेस पहुंचाए, उसे सही रास्ता दिखा सकते हैं और यकीन मानिए, वो आपकी हर एक बात मानेगा।



**■ नियम बनाएं और खुद करें पालन**

सबसे पहले, घर के कुछ बुनियादी नियम तय करें। जैसे कि, ₹सोने से पहले खिलौने अपनी जगह पर रखने हैं₹ या ₹खाना खाते समय फोन नहीं चलाना है!₹ ये नियम सरल होने चाहिए और बच्चे की उम्र के हिसाब से हों। सबसे ज़रूरी बात, आप खुद भी इन नियमों का पालन करें। बच्चे वही सीखते हैं जो वो देखते हैं।

**■ डांटने के बजाय 'क्यों' बताएं**

जब बच्चा कोई गलती करे, तो उसे सिर्फ ₹यह मत करो₹ कहने के बजाय, उसका कारण बताएं। उदाहरण के लिए, ₹दीवार पर मत लिखो, क्योंकि इससे दीवार गंदी हो जाती है और इसे साफ करना मुश्किल है!₹ जब बच्चे को वजह समझ आती है, तो वो उस गलती को दोबारा नहीं दोहराता।

**■ पॉजिटिव बिहेवियर की करें तारीफ**

जब आपका बच्चा कोई अच्छा काम करे, जैसे कि अपना होमवर्क खुद करे या छोटे भाई-बहन की मदद करे, तो उसकी दिल खोलकर तारीफ करें। ₹तुमने बहुत अच्छा काम किया!₹, ₹मुझे तुम पर गर्व है!₹ जैसे शब्द उन्हें प्रोत्साहित करते हैं। जब वो देखते हैं कि अच्छे व्यवहार पर उन्हें सराहना मिलती है, तो वे वैसा ही करते हैं।

**■ रिजल्ट्स को बनाएं अनुशासन का हथियार**

अगर बच्चा शरारत करता है, तो उसे उसकी गलती का परिणाम भुगतने दें। इसे 'नेचुरल कॉन्सिक्वेंस' कहते हैं। उदाहरण के लिए, अगर वो खिलौने बिखेर कर चले जाएं, तो अगले दिन उन्हें नए खिलौने तब तक न दें जब तक वे पुराने खिलौनों को न समेट लें। ये तरीका उन्हें अपनी गलतियों की जिम्मेदारी लेना सिखाता है।

**■ साथ में करें एन्जॉय**

बच्चों के साथ क्वालिटी टाइम बिताएं। उनके साथ खेलें, उन्हें कहानियां सुनाएं या उनकी पसंद की कोई एक्टिविटी करें। बता दें, जब बच्चे माता-पिता के करीब महसूस करते हैं, तो वे उनकी बात ज्यादा सुनते हैं। इससे आपका रिश्ता भी मजबूत होता है और बच्चे का मन भी शांत रहता है।

# ऑफिस डेस्क पर रखें ये 5 पौधे, काम में लगेगा मन



अगर आप अपने ऑफिस में नकारात्मक माहौल से परेशान हैं या लगातार सिरदर्द और उदासी महसूस करते हैं, तो अपनी डेस्क पर कुछ पौधे रखकर आप सकारात्मक बदलाव ला सकते हैं. ये पांच पौधे न सिर्फ आपके आसपास के वातावरण को शुद्ध करते हैं, बल्कि सकारात्मक ऊर्जा का संचार भी करते हैं. जिससे आपका तनाव कम होता है और आप तरोताजा महसूस करते हैं.

**सक्युलेंट प्लांट:** छोटे साइज और कम मेंटनेंस की वजह से ऑफिस डेस्क के लिए ये प्लांट बिल्कुल सही हैं. ये कई रंग और साइज में आते हैं, जो आपके वर्कस्टेशन की खूबसूरती बढ़ाने के साथ-साथ उसे पॉजिटिव भी बनाते हैं.

**जेड प्लांट:** ऐसा माना जाता है कि यह पौधा घर पर लगा हो या ऑफिस में अपने साथ गुड लक, खुशहाली और पॉजिटिव एनर्जी लेकर आता है. इसे बहुत ज्यादा देखभाल की जरूरत नहीं होती. यह पौधा अपने आस-पास के माहौल मे शांति और सुकून लेकर आता है.

**स्नेक प्लांट:** यह पौधा अपने आस-पास की हवा को साफ करने की क्षमता रखता है. कम पानी और कम रोशनी में भी अच्छी तरह बढ़ता है. यह अलग-अलग पैटर्न में आता है, जिसे आप अपनी डेस्क के अनुसार चुन सकते हैं.

**मनी प्लांट:** वास्तु के हिसाब से इसे सबसे अच्छा पौधा माना जाता है. इससे आपके वर्कस्टेशन की खूबसूरती बढ़ने के साथ-साथ पॉजिटिव माहौल भी बनेगा. इस हार्ट शेप पौधे को आप डेस्क पर कहीं भी रख सकते हैं.

**लकी बैम्बू:** वास्तु में इस पौधे को बेहद शुभ माना गया है. ऐसा मानते हैं कि यह गुड लक और बेहतर भविष्य लेकर आता है. आपको कई ऑफिस डेस्क पर छोटे से वास में पेबल के साथ लगे मिल जाएंगे. यह सबसे अच्छे इनडोर प्लांट में से एक होता है.

उपरोक्त लेखों में दी गई समस्त जानकारियां और सूचनाएं सामान्य मान्यताओं पर आधारित हैं. 'उल्हास विकास' इनकी पुष्टि नहीं करता है. इन पर अमल करने से पहले संबंधित विशेषज्ञ से संपर्क करें.

## खबरें गांव की...

### सामुदायिक शौचालय की केयरटेकर का कत्ल

**हमीरपुर.** यूपी के हमीरपुर में एक महिला को घर में बंधकर बनाकर मौत के घाट उतार दिया गया। गांव के सामुदायिक शौचालय की केयर टेकर का कत्ल कर दिया गया। बदमाशों ने घर में घुसकर महिला को बंधक बनाया और फिर निर्मम हत्या कर दी। मामले में मिली जानकारी के अनुसार एक सामुदायिक शौचालय में केयर टेकर के रूप में काम करने वाली महिला के घर में शनिवार की देर रात बदमाश घुस आए। उन्होंने महिला के हाथ-पैर बांधे और बेरहमी से महिला की हत्या कर दी। बताया जा रहा है कि 55 वर्षीय महिला ललिता का पति नंदराम शनिवार की शाम को चित्रकूट गया था। तभी से महिला घर में अकेली थी। घटना थाना जरिया के बौखर गांव की है। गांव वालों को सुबह महिला की हत्या की जानकारी हुई तो उसके परिजनों और पुलिस को सूचना दी गई।

### लुकाछिपी खेलते समय गायब बच्ची का शव खेत से बरामद, परिवार ने लगाया हत्या का आरोप

**देवरिया.** यूपी के देवरिया जिले के तरकुलवा थाना क्षेत्र के बरवा सेमरा में तीन दिन पहले खेलते समय गायब पांच वर्षीय मासूम का रविवार की सुबह गन्ने की खेत से शव बरामद किया गया। शव मिलने के बाद सनसनी फैल गई है। परिजन हत्या का आरोप लगा रहे हैं। सीओ सिटी संजय कुमार रेड्डी के नेतृत्व में भारी पुलिस बल मौके पर तैनात कर दिया गया है। एसओजी समेत अन्य टीमें मौके पर पहुंच कर जांच कर रही हैं। मामले में मिली जानकारी के अनुसार तरकुलवा थाना क्षेत्र के बरवा सेमरा गांव निवासी राजू यादव की 5 वर्षीय पुत्री प्रिया यादव शुक्रवार की शाम गांव के ही शिव मंदिर परिसर में अपने दो सहेलियां सोनाली व आयुषी के साथ लुकाछिपी का खेल खेल रही थी। लेकिन देर शाम तक बच्ची अपने घर नहीं लौटी तो मां सुनीता देवी उसको खोजते हुए मंदिर पर पहुंची और लोगों से जानकारी ली। लेकिन बच्ची का देर रात तक भी कुछ पता नहीं चल पाया।

### गड्ढे में नहाने उतरे दो लड़कों की मौत

**देवरिया.** यूपी के देवरिया जिले के बरहज थाना क्षेत्र के ग्राम सतराव के हटवा टोला में रविवार को पानी से भरे गड्ढे में डूबने से दो बच्चों की मौत हो गई। दोनों बच्चे दोस्तों के साथ खेल रहे थे। इसी बीच गड्ढे में नहाने गए और गहराई में जाने से मौत हो गई। मौत के बाद गांव में मातम पसरा है। मौके पर पहुंची पुलिस जांच में जुटी है। मामले में मिली जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के हटवा टोला निवासी भीम यादव (9) पुत्र मोहन यादव व किशु यादव (8) पुत्र राम सरीखा यादव अपने घर से पढ़ने के लिए सुबह 11 बजे निकले। रविवार होने की बात कह घर वालों ने रोका तो उन्होंने शिक्षक के द्वारा बुलाने की बात कही।

# मिडिल क्लास को बड़ी राहत क्या सस्ता और क्या महंगा?



**नई दिल्ली.** भारत के इनडायरेक्ट टैक्सेशन सिस्टम में एक बड़ा और ऐतिहासिक बदलाव कल 22 सितंबर से लागू होने जा रहा है। यह बदलाव गुड्स एंड सर्विसेज टैक्स (GST) सुधार के रूप में सामने आया है। जीएसटी काउंसिल (जिसकी अध्यक्षता केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण कर रही हैं) ने सितंबर की शुरुआत में इस सुधार को मंजूरी दी थी। इसका मुख्य उद्देश्य टैक्स स्ट्रक्चर को सरल बनाना, उपभोग को बढ़ावा देना और दरों का तार्किकरण करना है। इससे आम आदमी को बड़ी राहत मिलने वाली है। आइए जानते हैं डिटेल में...

### क्या है नया बदलाव?

**1. दो मुख्य स्लैब** – अब जीएसटी को सरल करते हुए दो प्रमुख दरें तय की गई हैं- 5% और 18%

**2. विशेष स्लैब** – तथाकथित सिन वस्तुओं जैसे तंबाकू, शराब, एरेटेड ड्रिंक्स इत्यादि पर 40% जीएसटी लगेगा।

■ **आपके लिए क्या हो रहा है सस्ता?**

**1. रोजमर्रा की जरूरी चीजें**
वो घरेलू सामान जिन पर अभी 12% जीएसटी लगता है, अब 5% स्लैब में आ सकते हैं। इनमें शामिल हैं:



■ **टूथपेस्ट, साबुन और शैम्पू**

पैकेज्ड फूड जैसे बिस्किट, स्नैक्स और जूस
डेयरी उत्पाद जैसे घी और कंडेंस्ड मिल्क

■ **साइकिल और स्टेशनरी**

निश्चित कीमत तक के कपड़े और जूते

**2. घरेलू उपकरण और इलेक्ट्रॉनिक्स**

जिन वस्तुओं पर अभी 28% टैक्स है, उन्हें घटाकर 18% किया जा सकता है। इससे कीमतें लगभग 7–8% तक कम हो सकती हैं। इनमें शामिल हैं:

■ **एयर कंडीशनर**

रेफ्रिजरेटर और डिशवॉशर
बड़े स्क्रीन वाले टेलीविजन
सीमेंट (निर्माण और हाउसिंग के लिए महत्वपूर्ण)

**3. ऑटोमोबाइल**
ऑटो सेक्टर को भी इस बदलाव से बड़ा फ़ायदा मिलने की उम्मीद है:
छोटे कार (1,200cc से कम इंजन वाली) पर जीएसटी 28% से घटकर 18% हो सकता है।
टू-व्हीलर (भारत की मोबिलिटी की रीढ़) भी कम स्लैब में आ सकते हैं।
बड़ी लग्जरी कार और एसयूवी पर ऊंचा टैक्स जारी रहेगा।

**4. बीमा और वित्तीय सेवाएं**
अभी बीमा प्रीमियम पर 18% जीएसटी लगता है, जिससे यह महंगा हो जाता है। जीएसटी 2.0 में इन्हें कम स्लैब में लाया जा सकता है या कुछ मामलों में पूरी तरह छूट दी जा सकती है। बता दें कि बीमा सस्ता होने से मिडिल इनकम परिवारों में कवरेज बढ़ेगा, जिससे वित्तीय सुरक्षा और स्वास्थ्य/जीवन से जुड़े जोखिमों में कमी आएगी।

### क्या होगा महंगा?

जीएसटी 2.0 के बाद भी सब कुछ सस्ता नहीं होगा। सरकार ने साफ कर दिया है कि कुछ वस्तुओं पर 40% 'सिन टैक्स' लागू रहेगा।

- तंबाकू उत्पाद, शराब और पान मसाला
- ऑनलाइन सट्टेबाजी और गेमिंग प्लेटफ़ॉर्म
- पेट्रोलियम उत्पाद अभी भी जीएसटी के दायरे से बाहर हैं, इसलिए ईंधन की कीमतों में कोई राहत नहीं मिलेगी।
- लग्जरी सामान जैसे हीरे और कीमती रत्नों पर भी ऊंचा टैक्स जारी रहेगा।

# चली गईं 40 हजार से ज्यादा अमेरिकियों की नौकरियां

■ **H-1B वीजा पर क्या बोला US**

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि एच-1बी वीजा के लिए एक लाख अमेरिकी डॉलर का नया शुल्क नए आवेदकों के लिए है और उन्हें इस शुल्क का एकमुश्त भुगतान करना होगा। वाइट हाउस ने अपने इस फैसले की वजह बताते हुए कहा कि अमेरिकी कंपनियों ने ही बड़े पैमाने पर अमेरिका के लोगों की छंटनी कर दी और उनकी जगह विदेशी कर्मचारियों को दे दी।

वाइट हाउस ने कहा कि एक कंपनी को 5189 एच-1बी वीजा मिल गए तो उसने 16000 अमेरिकियों की छंटनी कर दी। एक अन्य कंपनी को 1698 एच-1बी वीजा मिले तो 2400 लोगों को नौकरी से निकाल दिया गया। वाइट हाउस ने कहा कि एक अन्य कंपनी



2022 से 27000 अमेरिकियों की नौकरी छीन चुकी है। चौथी कंपनी ने 1000 लोगों को नौकरी से निकाला और उनकी जगह विदेशियों को भर्ती कर लिया।

वहीं पुराने वीजा धारकों पर शुल्क लागू ना होना अमेरिका में काम कर रहे हज़ारों पेशेवरों के लिए बड़ी राहत की बात है जो इस नए नियम से प्रभावित होने को लेकर चिंतित हैं, इनमें बड़ी संख्या में भारतीय हैं ।

अमेरिकी नागरिकता एवं आव्रजन सेवा (यूएससीआईएस) ने शनिवार को एक बयान में कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप का नया एच-1बी वीज़ा शुल्क केवल नये आवेदकों पर लागू होगा। ट्रंप प्रशासन ने यह भी स्पष्ट किया है कि 21 सितंबर की प्रभावी घोषणातिथि से पहले जमा किया गया एच1 बी वीजा आवेदन इससे प्रभावित नहीं होगा। इसके अलावा वर्तमान में अमेरिका से बाहर रहने वाले वीज़ा धारकों को भी देश में दोबारा प्रवेश के लिए शुल्क का भुगतान करने की आवश्यकता नहीं है।

### घूस लेने पर पेशकार सस्पेंड

**वाराणसी.** यूपी में वाराणसी में सदर तहसीलदार (न्यायिक) के पेशकार का घूस लेते वीडियो शनिवार को वायरल हो गया। मामला उच्चाधिकारियों के संज्ञान में आने के बाद तहसील में हड़कंप मच गया। एसडीएम नितिन सिंह ने पेशकार के निलंबन की संस्तुति करते हुए मुकदमा दर्ज कराने के लिए थाने में तहरीर भी दी। इसके बाद रविवार को डीएम ने ऐक्शन लिया है। पेशकार को सस्पेंड कर दिया।

# ननकाना साहिब की यात्रा रोकने पर भड़के सिख संगठन

**नई दिल्ली.** पाकिस्तान स्थिति ननकाना साहिब के दर्शन पर रोक लगाने के सरकार के फैसले केंद्रीय श्री गुरु सिंह सभा ने कड़ी आपत्ति जाहिर की है। सिख संगठन ने कहा कि यह अल्पसंख्यकों के मामले में दखल है। शनिवार को सभा के महासचिव डॉ. कुशल सिंह ने कहा कि बंटवारे के बाद ही भारत और पाकिस्तान में सहमित बनी थी कि गुरुपर्व और अन्य मौकों पर पाकिस्तान स्थिति गुरुद्वारों तक सिख श्रद्धालु पहुंच सकेंगे।

उन्होंने कहा, बीते सात दशकों से सिख श्रद्धालु ननकाना साहिब जाते रहे हैं और कभी किसी ने कोई आपत्ति जाहिर नहीं की। भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध की स्थिति में भी सिखों का जत्था ननकाना साहिब गया। 1984 में दरबार साहिब में ऑपरेशन ब्लू स्टार के दौरान भारत और पाकिस्तान की सीमा को सील कर दिया गया था, हालांकि भारत सरकार ने सिखों की यात्रा पर प्रतिबंध नहीं लगाया था।



प्रेस कॉन्फ्रेंस में उन्होंने कहा, पाकिस्तान में सिख समुदाय को कोई खतरा नहीं है और जो भी प्रतिबंध लगाए जा रहे हैं वे केवल रानजीतिक हैं। बिना सिख संगठनों से सलाह लिए केंद्र सरकार का एकतरफा फैसला हमें स्वीकार नहीं है। डॉ. कुशल सिंह, जस्टिस रंजीत सिंह, गुरतेज सिंह, ताज मुहम्मद, शमशेर कारी, डॉ. प्यारे लाल गर्ग, राजिंदर सिंह, गुरप्रीत सिंह, हमीर सिंह, दीपक शर्मा, मलविंदर सिंह माली और कैप्टेन गुरदीप सिंह गुमनाम ने यह संयुक्त बयान जारी किया है।

उन्होंने कहा, सरकार का यह आदेश संविधान के आर्टिकल 25 का उल्लंगन करता है। इस मौके पर हमें श्री गुरु नानक देव के भाईचारे के संदेश को प्रसारित करने की जरूरत है। भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव के बाद करतारपुर कॉरिडोर को भी बंद कर दिया गया है। ऐसे में मोदी सरकार से अपील है कि करतारपुर साहिब कॉरिडोर को खोल दिया जाए और ननकाना साहिब समेत पाकिस्तान स्थिति गुरुद्वारों के दर्शन की अनुमति दी जाए।

पाकिस्तान सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी और इवैक्यूई ट्रस्ट प्रॉपर्टी बोर्ड ने शनिवार को भारत से अपील की कि वह करतारपुर स्थित गुरुद्वारा दरबार साहिब में गुरु नानक देव जी की पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में 22 सितंबर को आयोजित होने वाले स्मृति कार्यक्रम के लिए सिख श्रद्धालुओं को आने की अनुमति दे। पहलगाम में 26 अप्रैल को हुए आतंकवादी हमले के बाद भारत ने अटारी-वाघा बॉर्डर को बंद कर दिया है।

# सरकार की पहल जॉब डैशबोर्ड

■ **ये बताएगा कहां कितनी नौकरी**

**नई दिल्ली.** केंद्र सरकार एक ऐसा स्मार्ट डैशबोर्ड बना रही है, जिस पर यह दिखेगा कि भविष्य में किस सेक्टर में कितनी नौकरी होगी और कैसी स्किल्स की जरूरत होगी। यह डैशबोर्ड ब्रिटेन के 'जॉब एंड स्किल डैशबोर्ड' और अमेरिका के वॉशिंगटन स्टेट के 'लेबर मार्केट एंड क्रिडेंशियल डेटा डैशबोर्ड' की तर्ज पर बनेगा।

केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने हाल ही में टेलीकॉम और आईटी विभाग से इस पर शुरुआती परामर्श किया। इसमें विभागों ने बताया- आगे 5जी, 6जी, क्वांटम कम्युनिकेशन, सैटेलाइट, एआई, इंटरनेट ऑफ थिंग्स, मशीन लर्निंग और सेमीकंडक्टर जैसे सेक्टर में किस लेवल के कितने प्रोफेशनल चाहिए होंगे। नए डैशबोर्ड से छात्रों व अभिभावकों को सही कोर्स चुनने में मदद मिलेगी। पढ़ाई पूरी करने के बाद आगे के अवसरों की



जानकारी मिलेगी।

संस्थानों को पता चलेगा कि सिलेबस में क्या बदलाव जरूरी है, कौन से नए कोर्स शुरू करने हैं और कौन से कोर्स बंद करने हैं। डैशबोर्ड जॉब-रेडी टैलेंट तैयार करने में गेमचेंजर साबित होगा।

### चुनौती: एक जगह लाना

अलग-अलग मंत्रालयों और निजी क्षेत्र के डेटा को एक प्लेटफॉर्म पर लाना चुनौती है। एआई और तकनीक की मदद लेंगे। एआईसीटीई, यूजीसी और एनसीवीईटी जैसी संस्थाओं की अहम भूमिका होगी।

# तेलंगाना CM ने वास्तु दोष के कारण सचिवालय छोड़ा

■ **पुलिस कमांड सेंटर से काम कर रहे**

■ **सेक्रेटेरिएट की नई बिल्डिंग 650 करोड़ में बनी थी**

**हैदराबाद.** इन दिनों तेलंगाना के सबसे युवा मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी (55 साल) राज्य सचिवालय की नई बिल्डिंग में नहीं बैठ रहे हैं। सीएम अपने सभी काम बंजारा हिल्स स्थित हाई सिक्योरिटी वाले तेलंगाना पुलिस कमांड एंड कंट्रोल सेंटर से कर रहे हैं।

इसकी वजह सचिवालय की नई बिल्डिंग में मौजूद कुछ वास्तु दोष हैं। रेवंत से जुड़े एक वरिष्ठ अफसर ने बताया कि 650 करोड़ रुपए में बनी इस 7 मंजिला इमारत में सीएम का भव्य दफ्तर है। मंत्रियों, मुख्य सचिवों समेत शीर्ष नौकरशाहों के भी दफ्तर यहीं हैं।

नई इमारत तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री और भारत राष्ट्र समिति



(BRS) के प्रमुख के. चंद्रशेखर राव (केसीआर) के समय तैयार हुई। उन्होंने 30 अप्रैल 2023 को इसका उद्घाटन किया। लेकिन, दिसंबर में वे विधानसभा चुनाव हार गए और रेवंत सीएम बन गए।

केसीआर ने भी वास्तु एक चलते ही नए सेक्रेट्रिएट का निर्माण कराया था। उनका मानना था कि पुराने सेक्रेट्रिएट की बिल्डिंग वास्तु के अनुसार नहीं बनी थीं। बतौर सीएम अपने दो कार्यकाल में वे करीब 24 बार ही पुराने सेक्रेट्रिएट आए थे।

# मिग-21 फाइटर जेट 26 सितंबर को रिटायर होगा

■ **62 साल पहले एयरफोर्स में शामिल हुआ था**

■ **3 जंग में शामिल रहा; अब तक 400 क्रैश**

**नई दिल्ली.** भारतीय वायुसेना की 'रीढ़' कहे जाने वाले मिग-21 एयरक्राफ्ट 26 सितंबर को रिटायर हो जाएगा। 62 साल की सर्विस के दौरान इसने 1971 युद्ध, कारगिल और कई मिशनों में अहम भूमिका निभाई।



अब इसकी जगह तेजस LCA मार्क 1A को शामिल किया जाएगा। चंडीगढ़ एयरबेस में फाइटर जेट का विदाई दी जाएगी। इसके बाद विमान की सेवाएं आधिकारिक तौर पर खत्म हो जाएंगी। मिग-21 जेट 1963 में पहली बार भारतीय वायुसेना में शामिल किया गया था। यह भारत का पहला सुपरसोनिक जेट था यानी ये आवाज की गति (332 मीटर प्रति सेकेंड) से तेज उड़ सकता है।

फाइटर जेट की आखिरी 2 स्क्वाड्रन (36 मिग-21) राजस्थान के बीकानेर में नाल एयरबेस पर तैनात है। इन्हें नंबर 3 स्क्वाड्रन कोबरा और नंबर 23 स्क्वाड्रन पैंथर्स के नाम से जाना जाता है। मिग-21 जेट ने 1965 के भारत-पाक युद्ध, 1971 के बांग्लादेश मुक्ति संग्राम और 1999 के कारगिल युद्ध में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अब इसकी जगह तेजस Mk1A फाइटर एयरक्राफ्ट लेंगे। रक्षा मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक, 400 से ज्यादा मिग-21 विमान क्रैश हुए हैं।

# मिथुन मन्हास बन सकते हैं BCCI अध्यक्ष

■ **28 सितंबर को आधिकारिक ऐलान**

■ **157 फर्स्ट क्लास मैच खेले**

■ **इंटरनेशनल मैच एक भी नहीं**



मिथुन मन्हास का भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (BCCI) का अध्यक्ष बनना लगभग तय हो गया है। दिल्ली में शनिवार को दिल्ली में एक केंद्रीय मंत्री के घर हुई मीटिंग में BCCI के शीर्ष अधिकारी मौजूद थे। इसमें सभी ने मिथुन के नाम पर सहमति जताई। हालांकि, अधिकारिक घोषणा 28 सितंबर को बोर्ड की वार्षिक आम बैठक के बाद ही होगी। वहीं, नामांकन दाखिल करने की आखिरी तारीख रविवार दोपहर तक है, जबकि चुनाव 28 सितंबर को बोर्ड की वार्षिक आम बैठक (AGM) में होंगे।

2019 में BCCI के संविधान में संशोधन के बाद, आमतौर पर इस तरह के नामांकन बिना किसी विरोध के स्वीकार हो जाते हैं। BCCI का मानना है कि बोर्ड का नेतृत्व किसी क्रिकेटर को करना चाहिए। इससे पहले सौरव गांगुली और रोजर बिन्नी BCCI के अध्यक्ष रह चुके हैं। मिथुन मन्हास कभी भी टीम इंडिया के लिए नहीं खेले। वे BCCI के पहले ऐसे अध्यक्ष होंगे, जिन्होंने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट नहीं खेला।

हालांकि, उनके पास 157 फर्स्ट क्लास मैचों का अनुभव है। वह दिल्ली डेयरडेविल्स, पुणे वॉरियर्स और चेन्नई सुपर किंग्स के लिए इंडियन प्रीमियर लीग (IPL) में खेल चुके हैं। पिछले कुछ सालों में उन्होंने जम्मू-कश्मीर क्रिकेट एसोसिएशन (JKCA) में प्रशासक के तौर पर काम किया है। बीसीसीआई की AGM में भी हिस्सा ले चुके हैं।

### काली पट्टी बांधकर खेलने उतरे श्रीलंकन प्लेयर्स

बांग्लादेश के खिलाफ श्रीलंका के सभी प्लेयर्स काली पट्टी बांधकर खेलने उतरे। खिलाड़ियों ने अपने हाथ की बांह पर काली पट्टी बांधी। खिलाड़ियों ने स्पिन ऑलराउंडर दुनिथ वेल्लालागे के पिता को श्रद्धांजलि देने के लिए काली पट्टी बांधने का फैसला किया। दुनिथ के पिता सुरंगा वेल्लालागे का 18 सितंबर को निधन हो गया था। इस दौरान दुनिथ अफगानिस्तान के खिलाफ एशिया कप में ग्रुप स्टेज का आखिरी मैच खेल रहे थे। मैच के बाद उन्हें कोच सनथ जयसूर्या ने पिता के निधन के बारे में बताया। दुनिथ मैच के बाद पिता के अंतिम संस्कार में पहुंचे और 20 सितंबर को मैच से पहले दुबई भी लौट आए।

# गरबा में लोगों पर गौमूत्र छिड़कने का फरमान

■ **विहिप बोला- आयोजनों में एंट्री से पहले तिलक लगाकर हिंदू देवता की पूजा करनी होगी**

**मुंबई.** महाराष्ट्र में विश्व हिंदू परिषद (VHP) ने नवरात्रि के दौरान गरबा आयोजनों को लेकर शनिवार को एक एडवाइजरी जारी की। इसमें कहा गया है कि राज्य में गरबा कार्यक्रमों में सिर्फ हिंदुओं को जाने की इजाजत होगी। आयोजकों से एंट्री गेट पर आधार कार्ड की



जांच करने की सिफारिश की गई है। विहिप ने कहा- गरबा आयोजनों में सिर्फ हिंदुओं को ही एंट्री मिलनी चाहिए। गैर-हिंदू इनमें भाग न लें, इसके लिए लोगों को अंदर जाने से पहले तिलक लगाना होगा, हाथों पर रक्षा सूत्र बांधना होगा और किसी हिंदू देवता की पूजा करनी होगी। विहिप ने गरबा आयोजकों से कहा- नवरात्रि सिर्फ मौज-मस्ती का त्योहार नहीं है। यह एक धार्मिक आयोजन है जहां भक्त देवी-देवताओं की पूजा करते हैं। इसलिए, गैर-हिंदू गरबा-डांडिया कार्यक्रमों में शामिल नहीं होने चाहिए। बता दें कि इस साल नवरात्रि 22 सितंबर से शुरू होकर 1 अक्टूबर तक चलेगा।

### गरबा देवी को प्रसन्न करने की एक पूजा पद्धति -विहिप

विहिप के राष्ट्रीय प्रवक्ता श्रीराज नायर ने समाचार एजेंसी PTI से कहा- गरबा सिर्फ एक नृत्य नहीं, बल्कि देवी को प्रसन्न करने की एक पूजा पद्धति है। इसलिए केवल उन्हीं लोगों को इसमें भाग लेने की अनुमति दी जानी चाहिए जो इन अनुष्ठानों में आस्था रखते हैं।

नायर ने कहा कि यह सब इसलिए जरूरी है ताकि इन आयोजनों में सिर्फ हिंदू ही शामिल हों और लव जिहाद का कोई मामला न हो। कुछ दक्षिणपंथी संगठन इसका इस्तेमाल मुस्लिम पुरुषों के जरिए हिंदू लड़कियों और महिलाओं के धर्मांतरण के प्रयास का आरोप लगाने के लिए करते हैं।

### मंत्री बोले- आयोजकों को फैसला करने का अधिकार

महाराष्ट्र में एक तरफ जहां विपक्ष ने विहिप और संघ पर ऐसे फरमान जारी करके समाज में फूट डालने की कोशिश करने का आरोप लगाया है, वहीं महाराष्ट्र के मंत्री और सीनियर भाजपा नेता चंद्रशेखर बावनकुले ने कहा कि आयोजक तय कर सकते हैं कि ऐसे आयोजनों में कौन शामिल होगा।

# पंजाब CM का ऐलान- महिलाओं को 1100 रुपए जल्द मिलेंगे

■ **बोले- अब इस गारंटी की बारी; विधानसभा चुनाव में केजरीवाल ने ऐलान किया था**

**चंडीगढ़.** पंजाब की महिलाओं को जल्द ही सरकार 1100 रुपए हर महीने दे सकती है। सरकार ने इसके लिए तैयारी शुरू कर दी है। अगले साल मार्च में पेश होने वाले बजट से इसका शुभारंभ हो जाएगा। यह ऐलान खुद CM भगवंत मान ने एक टीवी इंटरव्यू के दौरान किया।

उन्होंने कहा, 'कई गारंटियां हमने पहले ही पूरी कर दी हैं। अब महिलाओं के लिए इस गारंटी पर



भी काम शुरू हो गया है।'

बता दें कि आम आदमी पार्टी (AAP) ने साल 2022 में हुए विधानसभा चुनाव में घोषणापत्र को गारंटियों का नाम दिया था। इसमें कई वादों के साथ महिलाओं को आर्थिक सहायता देने का वादा अहम था, जो अब तक अधूरा है। इसे लेकर विपक्षी दल सरकार को अक्सर घेरते रहे हैं।

### वादों के दम पर मिली एकतरफा जीत

साल 2022 में विधानसभा चुनाव के दौरान AAP के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने पंजाब में महिलाओं के लिए वादा किया था कि अगर उनकी सरकार पंजाब में बनती है, तो राज्य की 18 साल से ऊपर की हर महिला को हर महीने 1000 रुपए की आर्थिक सहायता दी जाएगी। इस वादे के साथ मुफ्त बिजली, पानी का भी वादा केजरीवाल ने किया। इन वादों का असर यह हुआ कि AAP ने पंजाब की 117 विधानसभा सीटों में 92 सीटें जीतीं और भगवंत मान के नेतृत्व में सरकार बनाई।

# व्हेल मछली की उल्टी बेचने वाला पकड़ाया

■ **भावनगर में समुद्र किनारे मिला था 6 किलो एम्बरग्रीस**

■ **5.72 करोड़ है कीमत**

**सूरत.** गुजरात में सूरत पुलिस ने स्पर्म व्हेल की उल्टी यानी एम्बरग्रीस के साथ एक शख्स को गिरफ्तार किया है। इस दुर्लभ और बहुमूल्य पदार्थ की मात्रा 2.904 किलोग्राम है, जिसकी इंटरनेशनल मार्केट में अनुमानित कीमत 5.72 करोड़ रुपए है।

पुलिस के मुताबिक आरोपी विपुल खेती करता है और उसे एंटीक चीजों संग्रहण करने का शौकीन और जानकार भी है। यही कारण था कि समुद्र किनारे मिला यह मोम जैसा पदार्थ वह पहचान सका और बेचने की फिराक में था। एंबरग्रीस की अंतरराष्ट्रीय बाजार में भारी कीमत इसे तस्करों का पसंदीदा बनाती है। हालांकि भारत समेत कई देशों में यह पूरी तरह गैरकानूनी है।

### कैसे मिला एंबरग्रीस

पूछताछ में आरोपी ने पुलिस को बताया कि करीब चार महीने पहले उसे भावनगर के हाथब गांव के समुद्र किनारे यह पदार्थ मिला।



शुरुआत में उसे इसकी सही कीमत का अंदाजा नहीं था, लेकिन जानकारी जुटाने के बाद वह समझ गया कि यह करोड़ों का खजाना है। उसने भावनगर में इसे बेचने की कोशिश की, पर खरीदार न मिलने पर सूरत पहुंचा।

यहां किसी ग्राहक तक पहुंचने से पहले ही पुलिस ने उसे धर दबोचा। पुलिस की शुरुआती पूछताछ में विपुल ने खुद को मजदूरी और खेती करने वाला बताया। लेकिन उसके पास से मिली 'एंबरग्रीस' यह साफ कर रही थी कि वह केवल एक साधारण किसान नहीं है। उसके मोबाइल की जांच में कई ऐसे लोगों के संपर्क सामने आए हैं, जो दुर्लभ और प्रतिबंधित चीजें खरीदने में दिलचस्पी रखते हैं।

